an>

title: Need to provide roads in the villages situated in backward regions through Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana on a priority basis.

श्री सदाशिव लोखंडे (शिर्डी) : अध्यक्ष महोदया, पंत प्रधान सड़क योजना वर्ष 2000 में चालू हुई। मैं वर्ष 2014 में शिर्डी लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। यहां लोगों की डिमांड है कि पंत प्रधान सड़क योजना में हमारे यहां भी सड़क बननी चाहिए। लेकिन विगत दो सालों से महाराष्ट्र में एक भी सड़क नहीं बनायी गयी। हमारी डिमांड है कि पंत प्रधान सड़क योजना में जो सड़कें बननी चाहिए, वे तुंरत बननी चाहिए। आप उस सड़क के लिए निधि का प्रावधान डीजल और पेट्रोल पर एक रुपया बढ़ाकर कर सकते हैं। मेरे क्षेत्र शिर्डी में कोपरगांव, राहूरी में काफी लोग निवास करते हैं। वहां से मैंने एक प्रस्ताव दिया है, लेकिन दो सालों से उस पर काम नहीं हुआ। वहां सड़क योजना बंद है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वहां निधि उपलब्ध कराकर पंत प्रधान सड़क योजना को तुरंत चालू करना चाहिए।

HON. SPEAKER:

Dr. Shrikant and Shinde,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shrirang Appa Barne are permitted to associate with the issue raised by Shri Sadashiv Lokhande.